गोरखपुर से प्रकाशित

RNI Reg. NO. UPBIL/2023/87841

साप्ताहिक

# स्वदेशी इनक्रेडिबल

Si न्यूज़

Web:www.sinews.in/E-mail: info@sinews.in

सिर्फ सच के साथ...

वर्ष : 03 अंक: 16 | गोरखपुर रविवार 12 अक्टूबर 2025 | मूल्य- 02 रूपया | पृष्ठ - 8

## न्यूज

### मौलाना की पत्नी और बेटियों की हत्या से गूंजा बागपत

बागपत। उत्तर प्रदेश के बागपत जिले से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। जिले के दोघट थाना क्षेत्र के गांगनोली गांव स्थित बड़ी मस्जिद में मौलाना की पत्नी और दो बेटियों की हत्या कर दी गई। अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से तीनों की बेरहमी से हत्या की और मौके से फरार हो गए। इस ट्रिपल मर्डर की वारदात से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। जानकारी के मुताबिक, मस्जिद परिसर में रहने वाले मौलाना की पत्नी और उनकी दो बेटियां आज सुबह मृत पाई गईं।

### तेज प्रताप और उनकी पार्टी कितनी सीटों पर लड़ेगी चुनाव

पटना। बिहार की सियासत में एक बार फिर तेज प्रताप यादव ने अपने अलग तेवर दिखाए हैं। जनशक्ति जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेज प्रताप यादव ने शनिवार को पटना में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उनकी पार्टी लगातार जनता के बीच सक्रिय है और लोगों का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा, ष्हम लगातार कार्यक्रम कर रहे हैं। नेता का काम है जनता के बीच जाना, न कि किसी कॉरपोरेट ऑफिस की तरह बैठकर बिजनेस चलाना। आप खुद देख लीजिए, बिना बुलाए मेरे लिए भीड़ उमड़ रही है। तेज प्रताप यादव ने कहा कि उनकी पार्टी कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी और कौन-कौन से उम्मीदवार मैदान में उतरेंगे, इसका ऐलान वे सोमवार को करेंगे।

### भाजपा अस्तित्व बचाने के लिए नगर-नगर

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए में सीट बंटवारे पर अंतिम फैसले से पहले दिल्ली में बैठकों का दौर जारी है। एनडीए के घटक दलों के नेता भी दिल्ली में जुटेंगे। इससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर भाजपा कोर ग्रुप की बैठक हुई है। इस पर राजद ने तंज कसा है। राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि भाजपा अस्तित्व बचाने के लिए नगर-नगर, द्वार-द्वार जा रही है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन में सब कुछ ऑल इज वेल है, जबकि एनडीए दिल्ली से लेकर पटना तक घूम रही है, बैठकों का दौर जारी है, लेकिन वहां कुछ भी ऑल इज नॉट वेल है। वहां सिर फुटव्वल जारी है। राजद नेता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि महागठबंधन में सीट बंटवारे का निर्णय अंतिम रूप से ले लिया गया है। बहुत जल्द उसकी घोषणा कर दी जाएगी।

### उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने रद्द की स्नातक स्तरीय परीक्षा

देहरादून। उत्तराखंड में कथित पेपर लीक प्रकरण के कारण विवादों में आयी स्नातक स्तरीय भर्ती परीक्षा को उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) ने रद्द करने का निर्णय लिया है। आयोग के अध्यक्ष जीएस मर्तोलिया ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि राज्य के विभिन्न सरकारी विभागों में भर्ती के लिए 21 सितंबर को आयोजित स्नातक स्तरीय परीक्षा को रद्द कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अब इस परीक्षा को तीन माह के भीतर दोबारा आयोजित किया जाएगा जिसकी तारीख जल्द ही घोषित की जाएगी।

# यूएई, यूके और अन्य देशों के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से खुलेंगे नये बाजार के द्वार : मुख्यमंत्री

**संवाददाता**

भदोही। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को भदोही में 49वें अंतरराष्ट्रीय कालीन मेला और चौथे कार्पेट एक्सपो का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने देश-विदेश से आए कालीन उद्यमियों और निर्यातकों के साथ संवाद करते हुए उन्हें भरोसा दिलाया कि प्रदेश सरकार हर स्थिति में उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ से घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि यह हमारे लिए नए अवसरों के द्वार खोलने का समय है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जब भी चुनौतियां आती हैं, वे अपने साथ अवसर भी लाती हैं। अमेरिका ने टैरिफ लगाया है, लेकिन यह केवल एक देश का निर्णय है। हम यूएई, यूके और अन्य देशों के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट की दिशा



में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। आने वाले समय में ये समझौते हमारे उद्योगों के लिए नए बाजार खोलेंगे। उन्होंने बताया कि सरकार ने इस विषय पर हाई लेवल कमेटी का गठन किया है जो टैरिफ से उत्पन्न स्थिति पर लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 11 वर्ष पहले कार्पेट उद्योग बंदी के कगार पर था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भदोही, मीरजापुर और वाराणसी के कार्पेट क्लस्टर को नई ऊर्जा मिली।

### हुक्मरानों का पूर्वाग्रह बड़े अधिकारी को भी सामाजिक न्याय की कसौटी से वंचित रखता है: सोनिया

**एजेंसी**

नई दिल्ली। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने कथित तौर पर आत्महत्या करने वाले आईपीएस अधिकारी



वाई. पूरण कुमार की पत्नी को शोक संदेश भेजकर दुख जताया और कहा कि आज भी हुक्मरानों का पूर्वाग्रह से ग्रस्त पक्षपातपूर्ण रवैया बड़े से बड़े अधिकारी को भी सामाजिक न्याय की कसौटी से वंचित रखता है। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी पूरण कुमार ने बीते मंगलवार को चंडीगढ़ स्थित अपने आवास पर कथित तौर पर खुद को गोली मार ली थी और उन्होंने एक सुसाइड नोट छोड़ा था।

## महिला पत्रकारों से भेदभाव पर चुप्पी से नारी शक्ति पर प्रधानमंत्री के खोखले नारे उजागर हुए: राहुल

**एजेंसी**

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी के संवादाता सम्मेलन में महिला पत्रकारों को शामिल होने की अनुमति नहीं दिए जाने से नारी शक्ति पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नारों का खोखलापन बेनकाब हुआ है। गांधी ने यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री ने साबित कर दिया कि वह इतने कमजोर है कि महिलाओं के लिए खड़े नहीं हो सकते। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री इन दिनों भारत के दौरे पर हैं। उन्होंने शुक्रवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ विपक्षीय वार्ता




की थी। बाद में उन्होंने अलग से एक संवाददाता सम्मेलन को भी संबोधित किया था, जिसमें महिला पत्रकारों को शामिल होने की अनुमति कथित तौर पर नहीं थी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, मोदी जी, जब आप महिला पत्रकारों को एक सार्वजनिक मंच से बाहर किए जाने की अनुमति देते हैं, तो आप भारत की हर महिला को बता रहे हैं कि आप इतने कमजोर हैं कि उनके लिए खड़े नहीं हो सकते। उन्होंने कहा, हमारे देश में महिलाओं को हर क्षेत्र में समान भागीदारी का अधिकार है। ऐसे भेदभाव के सामने आपकी चुप्पी नारी शक्ति पर आपके नारों के खोखलेपन को उजागर करती है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने भी एक्स पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी, कृपया भारत दौरे पर तालिबान के प्रतिनिधि के संवाददाता सम्मेलन से महिला पत्रकारों को दूर रखे जाने पर अपना रुख स्पष्ट करें। उन्होंने कहा, यदि महिलाओं के अधिकारों के बारे में आपकी मान्यता सिर्फ एक चुनाव से दूसरे चुनाव में सुविधाजनक दिखावा नहीं है, तो हमारे देश में भारत की कुछ सबसे सक्षम महिलाओं के अपमान की अनुमति कैसे दी गई है।

### लोकतंत्र भारत की आत्मा और संविधान पथ-प्रदर्शक दीपस्तंभ है: बिरला

**एजेंसी**

नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि भारत लोकतंत्र और समानता का एक जीवंत उदाहरण है तथा



संविधान पिछले 75 वर्षों से देश के लिए पथ-प्रदर्शक दीपस्तंभ रहा है। बिरला ने बारबाडोस में 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन की आम सभा में राष्ट्रमंडल - एक वैश्विक भागीदार विषय पर प्रतिनिधियों को संबोधित करते इस बात पर जोर भी दिया कि लोकतंत्र भारत की आत्मा है, समानता इसका संकल्प है और न्याय इसकी पहचान है। लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि जलवायु परिवर्तन, महामारी, खाद्य असुरक्षा और असमानता जैसे वैश्विक संकट सीमाओं से परे हैं और इनके लिए सामूहिक समाधान की आवश्यकता है। बिरला ने इन चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आग्रह किया और इस बात पर जोर दिया कि समाधान अलग-थलग रहकर नहीं ढूंढे जा सकते।

## कुछ दल घुसपैठियों को वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल करते हैं: शाह

**एजेंसी**

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दावा किया कि कुछ राजनीतिक दल घुसपैठियों को वोट बैंक मानते हैं। उन्होंने




सवाल भी किया कि गुजरात और राजस्थान की सीमा से घुसपैठ क्यों नहीं होती है। शाह दैनिक जागरण अखबार के पूर्व प्रधान संपादक नरेंद्र मोहन की स्मृति में आयोजित घुसपैठ, जनसांख्यिकीय परिवर्तन और लोकतंत्र विषयक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि घुसपैठ कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय मुद्दा है और लोकतंत्र के लिए खतरा है। शाह ने कहा कि विपक्ष का कहना है कि घुसपैठ रोकना केंद्र की जिम्मेदारी है क्योंकि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) उसके नियंत्रण में है, लेकिन सीमा पर कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जहां भौगोलिक स्थिति के कारण बाड़ नहीं लगाई जा सकती। उन्होंने कहा, केंद्र अकेले घुसपैठ नहीं रोक सकता। राज्य सरकारें ऐसे घुसपैठियों को संरक्षण देती हैं, क्योंकि कुछ पार्टियां उनमें वोट बैंक देखती हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने सवाल किया कि अगर कोई व्यक्ति अवैध रूप से देश में घुस आता है और जिला प्रशासन उसकी पहचान करने में विफल रहता है, तो घुसपैठ कैसे रोकी जा सकती है? उन्होंने कहा कि जब कोई व्यक्ति शरणार्थी और घुसपैठिए के बीच का अंतर नहीं समझता, तो वह अपनी अंतरात्मा को धोखा दे रहा होता है। शाह ने कहा कि असम में 2011 की जनगणना के अनुसार मुस्लिम जनसंख्या की दशकीय वृद्धि दर 29.6 प्रतिशत थी। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा, घुसपैठ के बिना यह संभव नहीं है। पश्चिम बंगाल के कई जिलों में यह वृद्धि दर 40 प्रतिशत है और कई सीमावर्ती क्षेत्रों में यह 70 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

### महाराष्ट्र सरकार का किसानों के लिए राहत पैकेज इतिहास का सबसे बड़ा मजाक: उद्धव

**एजेंसी**

नई दिल्ली। शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने राज्य की देवेंद्र फडणवीस



सरकार द्वारा किसानों के लिए घोषित हालिया राहत पैकेज को शनिवार को इतिहास का सबसे बड़ा मजाक करार दिया। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे ने छत्रपति संभाजीनगर शहर में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि यदि महाराष्ट्र सरकार बाढ़ और बारिश से प्रभावित किसानों के लिए पूर्ण ऋण माफी की घोषणा करने में विफल रहती है तो किसान सड़कों पर उतरेंगे। ठाकरे ने कहा, महाराष्ट्र सरकार द्वारा किसानों के लिए घोषित वित्तीय सहायता इतिहास का सबसे बड़ा मजाक है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में महाराष्ट्र के दौरे पर किसानों के बारे में कुछ नहीं कहा। मोदी ने बुधवार को नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन किया था।

## सम्पादकीय...

# परीक्षा में ऊंच-नीच पर न्याय का अधिकार

भारत में छात्र और किसी परीक्षा को देने वाले परीक्षार्थी अपनी पढ़ाई और परीक्षा के संबंध में कई तरह के कानूनी और संवैधानिक अधिकारों के मालिक होते हैं। लेकिन ज्यादातर को इस सबके बारे में पता नहीं होता। तो जानना उपयोगी है कि छात्रों और प्रतियोगी परीक्षार्थियों के विधिक और संवैधानिक अधिकार क्या-क्या होते हैं और उन्हें कैसे नीतिगत सुरक्षा में बांटा जा सकता है। परीक्षा प्रक्रिया में गड़बड़ी लगे तो पहले ये कदम उठाएं। अगर छात्रों या विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाएं देने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रक्रिया में किसी गड़बड़ी का अहसास हो। जैसे उन्हें लगे कि पेपर लीक हो गया है या जो परिणाम आया है, वो गलत है या किसी भी तरह की परीक्षा में पारदर्शिता की कमी है, तो वे शिकायत करने और अपनी शिकायत के संबंध में न्याय पाने के लिए ये कदम उठा सकते हैं। सबसे पहले वे परीक्षा की आयोजक संस्था, चाहे वह यूपीएससी हो, एसएससी हो, एनटीए हो या पीएससी हो, आधिकारिक शिकायत प्रणाली यानी पोर्टल आदि पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराएं। अगर उन्हें इसका पता नहीं है तो परीक्षा भवन में स्थित प्रबंधक के कार्यालय से इसकी जानकारी हासिल कर सकते हैं। परीक्षा में गड़बड़ी लगे तो दूसरे कदम के रूप में परीक्षार्थी अपने ओएमआरसी या आंसर शीट अथवा मार्किंग विवरण मांगने के लिए आरटीआई आवेदन कर सकते हैं। जबकि तीसरे चरण के रूप में ये छात्र अगर इन्हें लगता है कि पहले दो कदमों से उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला, तो वे हाईकोर्ट में पिटीशन अनुच्छेद 226 के तहत या सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल में केस दायर कर सकते हैं, इसका उन्हें कानूनी हक है और चैथे व अंतिम कदम के रूप में पेपर लीक आदि के लिए सीबीआई,ईडी जांच की मांग की जा सकती है। ऐसी स्थिति में पहले कदम के रूप में उस संस्थान की जहां से आपका संबंध हो, ग्रीवांस रिड्रेसल सेल्फ,यूजीसी कम्पलेंट पोर्टल पर शिकायत करें। दूसरे कदम के रूप में राज्य शिक्षा विभाग या विश्वविद्यालय में इसकी लिखित शिकायत करें। तीसरे कदम के रूप में अगर छात्र पर मानसिक उत्पीड़नध्हिंसाध्भेदभाव हुआ है तो आईपीसी और एससीध्एसटी एट्रोसीटीज एक्ट जैसे कानूनों के तहत एफआईआर दर्ज करायी जा सकती है। चैथे कदम के रूप में फीस और सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं के लिए कंज्यूमर कोर्ट में दस्तक दी जा सकती है। अगर दिव्यांग छात्रों को जरूरी सहूलियत न मिलें इसके लिए पहले कदम के रूप में परीक्षा प्राधिकरणध्संस्थान से लिखित शिकायत करें कि आरपीडब्ल्यूडी एक्ट 2016 का पालन नहीं हो रहा। दूसरे कदम के रूप में जिला स्तर पर चीफ कमिशनर फॉर पर्सस विद डिसएबिलिटी को शिकायत भेजें और तीसरे कदम के रूप में जरूरत पड़ने पर हाईकोर्ट में रिट डालकर अतिरिक्त समय स्क्राइब या अन्य सहूलियत की मांग करें। ऐसी स्थिति में पहले कदम के रूप में छात्र या उसके परिजन मेंटल हेल्थ हेल्पलाइन पर संपर्क करें, जो कि 1800-599-7019-किरण हेल्पलाइन है। दूसरे कदम के रूप में मेंटल हेल्थ केयर अधिनियम 2017 के तहत हर छात्र को मुफ्त काउंसलिंग और इलाज का अधिकार है। अगर संस्थान दबाव बना रहा हो, जैसे असंभव टारगेट, भेदभाव, तो पुलिस या शिक्षा विभाग में शिकायत दर्ज कराएं। ऐसे में पहले कदम के रूप में आधिकारिक उत्तर कुंजी और कटऑफ की कॉपी आरटीआई के जरिये प्राप्त करें।

## राशिफल

मेषः- काफी दिनों से अवरोधित कोई हल होने के आसार बनेंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है। शिक्षा प्रतियोगिता की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा। रोजगार में लाभकारी अवसर मिलेंगे।

बृषभः- भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यवहार कुशल बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

मिथुनः- मूल्यवान समय को व्यर्थ के कायरें में जाया न करें। नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें और परिवार के अनुकूल चलें।

कर्कः- नये व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। संवेदनशील शरीर ग्रहां की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं से मन को कष्ट संभव।

सिंहः- नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। अच्छे कायरें से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरें में लापरवाही कतई न करें।

कन्याः- जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। संबंधियों के सहयोग से कठिनाइयां दूर होंगी।

तुलाः- भविष्य को लेकर मन नकारात्मक आशंकाओं से प्रभावी रहेगा। प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

वृश्चिकः- रोजगार संबंधी कुछ नयी योजनाओं पर मन केंद्रित होगा। किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। भौतिक सुख में वृद्धि होगी।

धनुः- अपनी बातूनी कला का लाभ उठाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ का योग है।

मकरः- बीती बातों को सोचने के बजाय वर्तमान में जीने की चेष्टा करें। जरूरत से ज्यादा बोलना व्यक्तित्व पर कुप्रभावी होगा। अतरू इसे सुधारें।

कुंभः- सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया अपनायें।

# एक करोड़ सब्सक्राइबर्स वाला डीबी लाइव और सार्थक पत्रकारिता

**सर्वमित्रा सुरजन**

प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया के साथ नए जमाने के मीडिया यानी इंटरनेट के कारण पत्रकारिता का माहौल, कार्यशैली, प्राथमिकताएं बदल गईं। अब सोशल मीडिया ने एक इसमें बिल्कुल नया आयाम जोड़ दिया है। सोशल मीडिया की तमाम अच्छाइयों और बुराइयों, फायदे और नुकसान के बीच यह एक अकाट्य तथ्य है कि इस माध्यम के जरिए आम जनता तक सबसे तेजी से पहुंचा जा सकता है। देशबन्धु समूह के सहयोगी उपक्रम डीबी लाइव के यूट्यूब पर सब्सक्राइबर्स की संख्या एक करोड़ के पार हो गई है। मंगलवार 7 अक्टूबर को जब डीबी लाइव चैनल इस अहम पड़ाव पर पहुंच रहा था, उसी समय सर्वोच्च न्यायालय में बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई चल रही थी। देशबन्धु और डीबीलाइव के प्रधान संपादक राजीव रंजन श्रीवास्तव अपने सहयोगी अमलेन्दु उपाध्याय के साथ इस सुनवाई पर लाइव कार्यक्रम कर रहे थे, जिसमें 10 हजार से ज्यादा दर्शक जुड़े हुए थे। इन हजारों दर्शकों की मौजूदगी में ही डीबी लाइव ने एक बड़े पड़ाव तक पहुंचने का सफर पूरा किया। इस विवरण को यहां साझा करने के दो मकसद हैं, पहला, यह कि देश में एक बड़ा तबका है जिसका रुझान गंभीर विषयों पर सार्थक चर्चा की तरफ है, जो खबरों को बिना घालमेल के देखना पसंद करता है। और दूसरा निष्पक्ष, निर्भीक पत्रकारिता के रास्ते पर आगे बढ़ते हुए देशबन्धु, डीबी लाइव की एक अहम उपलब्धि पाठकों तक पहुंचाना। वास्तव में यह उपलब्धि देश के उन तमाम लोगों की है, जिनका यकीन लोकतंत्र और संविधान में बरकरार है, जो देश को इनके दायरे में ही देखने के आकांक्षी हैं। आजादी की लड़ाई में अखबारों, परचों आदि के जरिए अपनी बात लोगों तक पहुंचाने का काम स्वाधीनता सेनानी करते थे। इसमें आर्थिक तंगी, ब्रिटिश हुकूमत के दमन, सत्ता समर्थक सुविधाभोगी वर्ग की गद्दारी, संसाधनों की कमी सारी दिक्कतें पेश आती थीं, मगर फिर भी एक जज्बा होता था कि अच्छे विचार लोगों तक पहुंचे। गुलामी नागरिकों के आत्मसम्मान को कुचलती है, उनके अधिकारों का सौदा करती है, यह बात स्वाधीनता सेनानी जानते थे और जनता को इस तरफ से जागरुक करना चाहते थे। इसके लिए अखबारों, रेडियो आदि को माध्यम बनाया गया। आजादी के बाद देश में लोकतंत्र कायम हुआ, संविधान को अंगीकार किया गया, तब भी प्रेस की भूमिका वैसी ही बनी रही। पहले ब्रिटिश सरकार के दमन और उत्पीड़न के खिलाफ लिखा जाता था, आजादी के बाद निर्वाचित सरकारों पर पैनी निगाह बनाए रखना जरूरी हो गया। हालांकि तमाम क्षेत्रों की तरह मीडिया भी भ्रष्टाचार का शिकार हुआ। सत्ता के निकट रहने के लिए पक्षपाती खबरें बनाना, जनहित के मुद्दों पर पर्याप्त चर्चा न होना, अंधविश्वास का प्रसार, भ्रामक खबरों से समाज का माहौल बिगाड़ना, ऐसी तमाम बुराइयां मीडिया में भरती गईं। लेकिन इन बुराइयों का अर्थ यह नहीं है कि मीडिया का महत्व इनसे कम हो गया। जैसे संसद या विधानसभाओं में जो जनप्रतिनिधि पहुंचते हैं, उनसे हमारी सहमति हो या न हो, लेकिन इस बात से मुंह नहीं फेरा जा सकता कि उन्हें जनता ने चुना है, लिहाजा उनका महत्व है, यही तर्क पत्रकारिता पर भी लागू होता है कि जनहित और देशहित में सूचनाओं का




प्रसारण इसका दायित्व है, इसलिए यह महत्वपूर्ण है। प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया के साथ नए जमाने के मीडिया यानी इंटरनेट के कारण पत्रकारिता का माहौल, कार्यशैली, प्राथमिकताएं बदल गईं। अब सोशल मीडिया ने एक इसमें बिल्कुल नया आयाम जोड़ दिया है। सोशल मीडिया की तमाम अच्छाइयों और बुराइयों, फायदे और नुकसान के बीच यह एक अकाट्य तथ्य है कि इस माध्यम के जरिए आम जनता तक सबसे तेजी से पहुंचा जा सकता है। इसी वजह से राजनीति, खेल, व्यापार, कला, पत्रकारिता हर क्षेत्र में सोशल मीडिया पर उपस्थिति बनाई जा रही है। टीवी पर आने वाले तमाम समाचार चैनल अब सोशल मीडिया के जरिए भी खबरों का प्रसारण करते हैं। राजनैतिक दलों की मौजूदगी भी इस मंच पर बढ़ती जा रही है। खासकर नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में जब यह महसूस होने लगा है कि अपनी आवाज उठाने के लिए, अपनी अभिव्यक्ति के लिए स्थान नहीं मिल रहा है, तो राजनैतिक दलों ने सोशल मीडिया का रुख करना शुरू कर दिया है। मीडिया में जिस भ्रष्टाचार का जिक्र ऊपर मैंने किया था, उसकी एक बड़ी वजह मीडिया में पूंजी का दखल था। बिना पूंजी के तो अखबार या चैनल पहले भी नहीं चलते थे, लेकिन तब पूंजी उतनी ही लगाई जाती थी, जैसे भोजन में नमक डाला जाता है, यानी स्वादानुसार, जितनी जरूरत हो उतनी ही। लेकिन अब पूंजी के लिए मीडिया संस्थान चलाए जा रहे हैं। जितना ज्यादा निवेश होगा, उतना अधिक मुनाफा कमाने के मौके बनेंगे। इसमें पत्रकारिता गौण होकर हाशिए पर चली गई है, पूंजी ही प्रधान हो गई है।

## कुछ खास...


# कुछ पता तो करो चुनाव है क्या

सियासत की जिस चालाकी को राहत इंदौरी साहब ने बहुत पहले भांप लिया था, वह अब भी कायम है, बल्कि पहले से कहीं




अधिक बढ़ गई है। अब सरहदों पर ही नहीं, देश के भीतर भी चुनाव आते ही तनाव बनाए जाने की शुरूआत हो जाती है। कुछ वक्त पहले बरेली में आई लव मोहम्मद के पोस्टर पर ऐसा बवाल खड़ा हो गया कि जुमे की नमाज का वक्त तनावपूर्ण हो गया। अपने आराध्य से प्रेम का इजहार कोई नयी बात नहीं है। गोरी सोवै सेज पर, मुख पर डारे केस। चल खुसरो घर आपने, रैन भई चहुं देस, से लेकर मेरे तो गिरधर गोपाल दूसरो न कोई, जाके सर मोर मुकुट मेरो पति सोई, जैसे भक्तिपद इस देश में सदियों से लिखे जाते रहे और इन पर कभी किसी ने कोई आपत्ति नहीं की। न ही कभी दूसरे की भक्ति का मखौल बनाने के लिए अपने आराध्य से मोहब्बत दिखाई गई। लेकिन अब आई लव मोहम्मद को जवाब देने के लिए आई लव विष्णु, आई लव राम, यहां तक कि आई लव योगी और आई लव बुलडोजर तक के पोस्टर बन गए। हालांकि ऐसा करने वाले लोग इस बात को समझ नहीं पाए कि नफरत दिखाने के लिए भी उन्हें मोहब्बत का ही सहारा लेना पड़ा। बहरहाल, नफरत बनाम मोहब्बत के इस सियासी खेल में भावनाओं की नहीं सत्ता साधने की चालाकी नजर आ रही है। पाठक जानते हैं कि कर्नाटक चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी ने बजरंग दल पर प्रतिबंध को बजरंग बली के अपमान से जोड़ा था और मतदाताओं से अपील की थी कि बजरंग बली के नाम पर ही वोट दें। हालांकि उनकी ये अपील कर्नाटक के लोगों ने नहीं सुनी। अन्य राज्यों में भी श्री मोदी ऐसे ही भड़काऊ अपीलें कर चुके हैं। कपड़ों से पहचानना और श्मशान-कब्रिस्तान इस देश के लोगों को याद है। पिछले झारखंड चुनावों में बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम पर मुसलमानों के कब्जे वाला एक वीडियो भाजपा ने जारी किया था, जिसमें शिकायत के बाद रोक लगी थी। अब ऐसे ही सांप्रदायिक नफरत वाला वीडियो असम में प्रसारित हो रहा है, जहां अगले साल चुनाव है। वैसे कुछ दिनों में बिहार चुनाव भी है, जहां भाजपा हिंदुत्व का कार्ड चालाकी से खेल रही है, लेकिन विपक्ष में बैठे महागठबंधन और खासकर लालू प्रसाद की आरजेडी के सामने उसे सांप्रदायिक खेल खेलने के लिए खुला मैदान नहीं मिल रहा है। मगर असम में भाजपा ने ये खेल अभी से शुरू कर दिया है। एक वीडियो अभी वहां सोशल मीडिया पर काफी चला, जिसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से तैयार किया गया है। इसमें असम पर मुस्लिम लोगों द्वारा कब्जा किए जाने का एक मनगढ़ंत और अपमानजनक परिदृश्य दिखाया गया है और इसे उस कथित भविष्य से जोड़ा गया है जो भाजपा के आगामी चुनाव हारने पर घटित हो सकता है। इस वीडियो को हटाने के लिए कु बांन अली और वरिष्ठ अधिवक्ता अंजना प्रकाश ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की, जिस पर बुधवार को सुनवाई हुई। लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार, जस्टिस विक्रमनाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने भाजपा की असम इकाई से इस पर जवाब मांगा है। याचिका में कहा गया है कि भाजपा असम इकाई ने 15 सितंबर 2025 को अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक वीडियो प्रसारित किया, जिसमें यह भ्रामक और झूठा नैरेटिव दिखाया गया कि यदि भाजपा सत्ता में नहीं रही तो मुसलमान असम पर कब्जा कर लेंगे।

# शादी से पहले ही सोनाक्षी-जहीर ने खरीद लिया था सपनों का आशियाना, 9 महीने में पूरा हुआ काम, अब जल्द ही नए घर में होंगे शिफ्ट



बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा और उनके पति जहीर इकबाल इन दिनों अपनी शादीशुदा जिंदगी को खुलकर एंजॉय कर रहे हैं। शादी के बाद से यह कपल अक्सर ट्रैवलिंग और वेकेशन फोटोज को लेकर सुर्खियों में बना रहता है। अब एक्ट्रेस ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक नया मेकअप ट्यूटोरियल व्लॉग शेयर किया है, जिसमें उन्होंने फैंस को नए घर के बारे में बताया। वीडियो में सोनाक्षी ने खुलासा किया कि वह और जहीर जल्द ही अपने नए घर में रहने जाने वाले हैं। उन्होंने बताया कि घर का रेनोवेशन वर्क लगभग पूरा हो चुका है और बस कुछ फाइनल टच बाकी हैं। एक्ट्रेस ने कहा, हमारा घर पिछले नौ महीनों से रेनोवेट हो रहा है और अब वह लगभग तैयार है। जल्द ही हम यहां शिफ्ट हो जाएंगे। सोनाक्षी ने खुलासा किया कि उन्होंने और जहीर ने यह घर शादी से पहले ही खरीद लिया था। उनके मुताबिक, हम दोनों ने काफी पहले यह प्रॉपर्टी ली थी लेकिन शादी के बाद इसे अपना सपनों का घर बनाने की प्लानिंग शुरू की।वहीं जहीर ने बताया, हमने शादी से काफी पहले ही प्रॉपर्टी खरीदी थी और फिर कहा था कि शादी के बाद ही इसमें काम शुरू करेंगे। अब आखिरकार वो वक्त आ गया है।व्लॉग में सोनाक्षी ने बताया कि पिछले नौ महीनों से इंटीरियर डिजाइनर्स और कॉन्ट्रैक्टर्स इस घर को सजाने में लगे हुए हैं। कपल ने वीडियो में अपने किचन, लिविंग रूम और शीशों वाले एरिया की झलकियां भी दिखाईं। उन्होंने कहा, हमें इस प्रोजेक्ट में बहुत समय और मेहनत लगी, लेकिन अब नतीजा देखकर दिल खुश है। जहीर ने बताया कि शादी के लगभग 10 दिन पहले उन्होंने घर की पूजा करवाई थी। पूजा के बाद उन्हें पायल नाम की इंटीरियर डिजाइनर मिलीं, जिन्होंने इसी बिल्डिंग में छह और फ्लैट्स को रेनोवेट किया था। इसके बाद उन्हें एक बेहतरीन कॉन्ट्रैक्टर मिला जिसने नौ महीने में फ्लैट का काम पूरा किया। जहीर ने मुस्कुराते हुए बताया कि उनका ड्रीम हाउस कैसा होना चाहिए क् मैं चाहता था कि हमारे घर का वॉशबेसिन ऐसा हो जिसमें पानी हमेशा बीच में गिरे और उसे बंद करने के लिए बार-बार छूना न पड़े। साथ ही मैं चाहता था कि घर का हर फर्नीचर इतना मजबूत हो कि अगर कोई उस पर नाचना चाहे तो नाच सके। इस पर सोनाक्षी हंस पड़ीं और बोलीं, मेरा सपना एक साफ-सुथरा, सफेद और क्लासी घर था- जहां शांति हो और पॉजिटिविटी भरी हो।


## राम चरण स्टारर पेड्डी के ब्लॉकबस्टर सॉन्ग की आज पुणे में होगी शूटिंग




ग्लोबल सुपरस्टार राम चरण, जिन्होंने अपने पिछली फिल्मों से तहलका मचा दिया था, अब अपनी बेहद इंतेजार की जाने वाली अगली फिल्म पेड्डी के साथ बड़े पर्दे पर लौटने वाले हैं। इसकी घोषणा से ही फिल्म ने फैंस और इंडस्ट्री में जबरदस्त उत्साह पैदा कर दी है। फिल्म में राम चरण को एक्शन से भरपूर अवतार में देखा जाएगा, जो एक नई और दमदार बदलती छवि का वादा करता है और जो पहले ही हर तरफ चर्चा का विषय भी बन गया है। जैसे-जैसे फिल्म पूरी होने के करीब आ रही है, मेकर्स की हर नई अपडेट से एक्साइटमेंट और बढ़ रही है। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, पेड्डी का अगला शूटिंग शेड्यूल आज पुणे में शुरू होने वाला है, जहां टीम एक ग्रैंड सॉन्ग सीक्वेंस शूट करेगी। यह गाना, जिसे मास ब्लॉकबस्टर बताया जा रहा है, किसी और ने नहीं बल्कि फेमस कोरियोग्राफर जानी मास्टर ने कोरियोग्राफ किया है, जो इंडियन सिनेमा के सबसे चर्चित डांस नंबर देने के लिए जाने जाते हैं।

## अनीत पड्डा से कावेरी कपूर तक, बॉलीवुड की नई पीढ़ी के सितारे जो इंडस्ट्री का चेहरा बदलने को हैं तैयार

बॉलीवुड में एक नई लहर चल रही है और यह अपने साथ कई नई प्रतिभाओं को लेकर आ रही है, ऐसे युवा चेहरे जो बड़े पर्दे पर अपनी छाप छोड़ने को तैयार हैं। चाहे ये स्टार किड्स हों या खुद के दम पर आगे बढ़ने वाले नए चेहरे, इन उभरते सितारों में है अलग पहचान, स्टाइल और शानदार प्रतिभा। कुछ पहले से सुर्खियों में हैं, तो कुछ अपने ग्रैंड डेब्यू की तैयारी कर रहे हैं। आइए, नजर डालते हैं बॉलीवुड की अगली पीढ़ी के उन चेहरों पर, जो आने वाले वर्षों में इंडस्ट्री की दिशा तय कर सकते हैं। अपनी शानदार स्क्रीन उपस्थिति और दिलकश व्यक्तित्व के साथ, अनीत पड्डा ने सैय्यारा से हर घर में पहचान बनाई। अपनी मनमोहक परफॉर्मेंस से सबका दिल जीतने के बाद अब उन्हें बॉलीवुड की सबसे रोमांचक नई अभिनेत्रियों में गिना जा रहा है। प्रसिद्ध फिल्म निमार्ता शेखर कपूर और गायिका सुचित्रा कृष्णमूर्ति की बेटी, कावेरी कपूर सिर्फ एक स्टार किड नहीं हैं-वह एक बहुमुखी कलाकार हैं। एक गायिका, गीतकार और अब अभिनेत्री के रूप में, कावेरी ने बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी से शानदार डेब्यू किया। उनकी उपस्थिति पर्दे पर एक ताजगी और कलात्मक गहराई लाती है। उनके पास कई प्रोजेक्ट भी हैं, जिनमें मासूम 2 और एक सिंगल शामिल है जो जल्द ही रिलीज के लिए तैयार है। रवीना टंडन की बेटी राशा अपनी खूबसूरत पर्सनालिटी और आकर्षक लुक्स के लिए सुर्खियाँ बटोर रही हैं।



## एल्विश यादव की संत प्रेमानंद जी से मुलाकात बनी यादगार, अब हर दिन करूंगा राधा नाम का जाप

बिग बॉस ओटीटी 2 के विजेता एल्विश यादव ने हाल ही में वृंदावन में आध्यात्मिक गुरु प्रेमानंद जी महाराज से मुलाकात की। इस मुलाकात का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एल्विश यादव गुरुजी से उनकी स्वास्थ्य स्थिति के बारे में बातचीत करते नजर आ रहे हैं। प्रेमानंद जी ने स्वास्थ्य के बारे में अपडेट देते हुए कहा कि उनकी दोनों किडनियां खराब हो चुकी हैं, लेकिन भगवान की कृपा से वे भक्तों से मिलकर उनसे बात कर पा रहे हैं। प्रेमानंद जी ने कहा, अब कुछ भी ठीक करने की जरूरत नहीं है, आज हो या कल, हम सभी को जाना है। उनके इस बयान से जहां भक्त भावुक हुए, वहीं उनकी सादगी और आध्यात्मिक ज्ञान ने लोगों को जीवन के गहरे सच से अवगत कराया। स्वास्थ्य संबंधी कठिनाइयों के चलते उन्होंने अपनी पद यात्रा भी स्थगित कर दी थी, जिससे उनके भक्त चिंता में थे। लेकिन उनकी हिम्मत और विश्वास ने सभी का दिल जीता है। मुलाकात के दौरान प्रेमानंद जी ने एल्विश यादव से पूछा कि क्या वे भगवान का नाम जप करते हैं। जब एल्विश ने बताया कि वे यह करते नहीं हैं, तो गुरुजी ने उन्हें बड़े प्यार से प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि नाम जपने से नुकसान नहीं होगा बल्कि जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। प्रेमानंद जी ने सुझाव दिया कि वे रोजाना 10,000 बार राधा नाम का जप करें। इस पर एल्विश ने पूरी विनम्रता से सहमति जताई और यह संकल्प लिया। प्रेमानंद जी ने आगे समझाया कि अगर वे हाथ में शराब लेकर दिखाएंगे तो लोग उनसे वही सीखेंगे, लेकिन अगर वे राधा का नाम जपेंगे तो उनके अनुयायी भी उसी रास्ते पर चलेंगे। इस बात ने एल्विश यादव के फैंस को उनके आध्यात्मिक बदलाव और जीवन में सकारात्मक कदम उठाने की प्रेरणा दी।

## बॉयफ्रेंड संग इटली वेकेशन मना मुंबई लौटीं तारा सुतारिया, एयरपोर्ट पर दिखी कपल की जबरदस्त केमिस्ट्री



बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा तारा सुतारिया हाल ही में बॉयफ्रेंड वीर पहाड़िया के साथ इटली में छुट्टियां मनाकर मुंबई लौटी हैं। 9 अक्टूबर, गुरुवार की सुबह दोनों को एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया, जहां से उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में तारा और वीर मुंबई एयरपोर्ट पर एक साथ नजर आ रहे हैं। दोनों के चेहरे पर मुस्कान थी और कैमरे के सामने भी दोनों काफी सहज दिखे। जैसे ही कार एयरपोर्ट पर रुकी, वीर पहाड़िया ने बड़ी विनम्रता से तारा के लिए कार का दरवाजा खोला। तारा मुस्कुराते हुए बाहर निकलीं, जबकि वीर उनके बिल्कुल पास ही रहे। फोटोग्राफर्स और फैंस की भीड़ के बीच वीर पहाड़िया तारा को प्रोटेक्ट करते नजर आए। उन्होंने तारा की पीठ पर हल्के से हाथ रखा और उन्हें भीड़ के बीच सुरक्षित एयरपोर्ट एंट्रेंस तक पहुंचाया। इस दौरान तारा सुतारिया ने मीडिया को मुस्कुराते हुए हाथ हिलाकर बाय कहा। वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर तारा और वीर की जोड़ी चर्चा में है। फैंस कमेंट सेक्शन में वीर की तारीफ करते नहीं थक रहे। किसी ने लिखा, वीर बहुत जेंटलमैन हैं, तो किसी ने कहा, तारा के लिए इतना केयरिंग देखकर दिल खुश हो गया। कई यूजर्स ने दोनों को पिक्चर परफेक्ट कपल बताया। तारा सुतारिया और वीर पहाड़िया के रिश्ते की खबरें काफी समय से सुर्खियों में हैं। दोनों को कई बार साथ में डिनर डेट्स और इवेंट्स में देखा गया है। हालांकि, अब तक दोनों ने अपने रिलेशनशिप को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

# मौसम बदलते ही हो गया सर्दी-जुकाम? इन उपायों से बिना दवा के भी पा सकते हैं आराम



अक्तूबर का महीना शुरू होते ही दिल्ली-एनसीआर सहित देश के अधिकतर उत्तरी राज्यों में मौसम में बदलाव साफ नजर आने लगा है। सुबह-शाम की हल्की सर्दी ने लोगों को ठंड का एहसास दिलाना शुरू कर दिया है। मौसम में हो रहा इस तरह का बदलाव सेहत के लिए कई तरह की चुनौतियां बढ़ाने वाला हो सकता है। यही कारण है कि इन दिनों में सर्दी-खांसी की समस्या भी लोगों में काफी बढ़ गई है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सुबह-शाम की ठंडक और दिन का गर्म मौसम शरीर के तापमान को असंतुलित कर देता है। यही वजह है कि इस समय सर्दी-खांसी, जुकाम और बुखार के मामले तेजी से बढ़ने लगते हैं। खासकर बच्चे और बुजुर्ग इस बदलाव से सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं क्योंकि उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है।

**H3N2 फ्लू का संक्रमण**

पिछले महीने दिल्ली-एनसीआर सहित उत्तर भारत के कई राज्यों में H3N2 फ्लू का भी संक्रमण देखा गया, जिसमें लोगों ने तेज बुखार, सिरदर्द-बदन दर्द के साथ सर्दी-जुकाम, गले में खराश और दर्द जैसी समस्याएं देखी गईं। कम्युनिटी आधारित एक सर्वे में पाया गया कि दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के लगभग 50-70% घरों में इस वायरस से संक्रमित लोग हो सकते हैं। H3N2 फ्लू भी मौसम बदलने के साथ होने वाली बीमारी का एक रूप था।

**सर्दी-जुकाम होने पर क्या करें?**

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सर्दी-जुकाम में हर बार आपको दवा लेने की जरूरत नहीं होती है। कुछ आसान घरेलू उपायों से भी आप राहत पा सकते हैं। जुकाम में काली मिर्च और दूध का सेवन करना सेहत के लिए फायदेमंद हो सकता है। दूध में काली मिर्च का पाउडर डालकर सेवन करने से खांसी-जुकाम जैसी मौसमी बीमारियों से बचाव होता है। क्या आपने कभी काली मिर्च का दूध के साथ सेवन किया है? दूध के साथ काली मिर्च मिलाकर पीना शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। चिकित्सकों के अनुसार, काली मिर्च में पिपेरिन कंपाउंड पाया जाता है, जो पोषक तत्वों को अवशोषित करने और पाचन को सुधारने में मदद करता है। इसके सेवन से इम्यूनिटी बूस्ट किया जा सकता है। अगर आप बहुत ज्यादा बीमार पड़ते हैं तो दूध में काली मिर्च को मिलाकर सेवन करें।

**क्य कहत हैं विशेषज्ञ?**

वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. नवीन चंद्र जोशी बताते हैं, काली मिर्च में एंटीमाइक्रोबियल और एंटीइंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जो जोड़ों के दर्द और सूजन में आराम पहुंचाते हैं। इस दूध के सेवन से खांसी-जुकाम से बचा जा सकता है। काली मिर्च में मौजूद पिपेरिन शरीर से बैंड कोलेस्ट्रॉल को बाहर निकालता है। इसके सेवन से दिल के रोगों से बचने में मदद मिलती है और खून भी साफ होता है।

वहीं दूध में कैल्शियम, प्रोटीन, विटामिन बी2, विटामिन डी, जिंक, पोटैशियम और फॉस्फोरस होता है इससे इम्युनिटी बढ़ाने में मदद मिलती है। अगर आप वजन घटाना चाहते हैं तो इस दूध का सेवन करें। हालांकि इसके लिए लो फैट दूध का सेवन करना चाहिए। डॉक्टर कहते हैं, रात में सोने से पहले दूध में काली मिर्च मिलाकर सेवन करना चाहते हैं तो एक चुटकी ही मिलाएं। इसके अधिक सेवन से पाचन संबंधी समस्याएं, पेट में जलन या मतली हो सकती है।

**इन उपायों से भी पा सकते हैं आराम**

डॉक्टर कहते हैं, सर्दी-खांसी की स्थिति में दूध के साथ काली मिर्च मिलाकर पीने के अलावा कुछ और भी उपाय किए जा सकते हैं। आप तुलसी-काली मिर्च की चाय भी पी सकते हैं। 5-6 तुलसी के पत्ते, एक चुटकी काली मिर्च और थोड़ा सा अदरक उबालकर चाय बनाएं। यह इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करती है और ठंड से होने वाले संक्रमण से बचाती है। दिन में एक या दो बार पीने से राहत मिलती है। अदरक-शहद का मिश्रण भी सर्दी-खांसी में आराम दिलाता है। अदरक में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीवायरल गुण होते हैं जो गले की सूजन और खांसी को कम करते हैं। आधा चम्मच अदरक का रस और एक चम्मच शहद मिलाकर दिन में दो बार लें। यह गले को आराम देता है और बलगम को पतला करता है।

## डेंगू को हल्के में लेने की न करें भूल, लिवर-किडनी जैसे अंग हो सकते हैं फेल; डॉक्टरों ने किया सावधान



सितंबर और अक्तूबर का महीना हर साल दिल्ली-एनसीआर वालों की सेहत के लिए बड़ी मुसीबत बनकर आता है। इन महीनों में यहां मच्छरों के कारण होने वाली बीमारियों का खतरा काफी बढ़ जाता है। इस साल भी आलम कुछ ऐसा ही है। हालिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पिछले महीने से वेक्टर जनित बीमारियों में भारी उछाल आया है, जिसमें नोएडा में डेंगू मामले बढ़कर 430 और मलेरिया के केस 169 तक पहुंच गए हैं। इससे पिछले दो हफ्तों में डेंगू के 110 मामले बढ़ गए हैं। गाजियाबाद में भी स्थिति ऐसी ही है, जहां अब तक डेंगू के 178 और मलेरिया के 83 मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सितंबर के शुरूआती हफ्ते तक रुक-रुक कर हुई बारिश और अगस्त के महीने में कई स्थानों पर बाढ़ जैसी स्थिति के चलते डेंगू और मच्छर जनित अन्य रोगों के मामले बढ़ रहे हैं। इन बीमारियों का खतरा सभी उम्र के लोगों में हो सकता है इसलिए रोग से बचाव को लेकर अलर्ट रहना बहुत जरूरी है।

**डेंगू के बाद मल्टी ऑर्गन फेलियर**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस सप्ताह की शुरूआत में डेंगू से एक व्यक्ति की मौत के बाद दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र हाई अलर्ट पर है। रिपोर्ट्स के अनुसार, नोएडा प्राधिकरण में कार्यरत एक अधिकारी को डेंगू के बाद मल्टी ऑर्गन फेलियर की समस्या हो गई थी, जिसके कारण उसे अस्पताल में भर्ती होना पड़ा था जहां उसकी मौत हो गई। डॉक्टर्स का कहना है कि वैसे तो डेंगू के मामले हल्के इलाज के साथ ठीक हो जाते हैं पर कुछ लोगों में इससे गंभीर खतरों का भी जोखिम हो सकता है जिसको लेकर अलर्ट रहना जरूरी है।

**खतरनाक हो सकता है डेंगू**

डॉक्टर बताते हैं, डेंगू की बीमारी एडीज एजिप्टी नामक मच्छर के काटने से होती है, जो दिन के समय अधिक सक्रिय रहते हैं। डेंगू का वायरस हमारे शरीर में पहुंचकर ब्लड सेल्स और इम्यून सिस्टम पर हमला करता है। शुरूआत में मरीज को बुखार, सिरदर्द, आंखों के पीछे दर्द, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, और हल्के लाल दाने जैसे लक्षण दिखते हैं। अगर संक्रमण बढ़ जाए, तो स्थिति गंभीर हो सकती है।

## करवा चौथ पर दिनभर का रखा है उपवास, व्रत खोलते समय भूलकर भी न करें ये गलतियां

करवा चौथ का व्रत पति की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए रखा जाता है, जिसमें महिलाएं निर्जला उपवास रखती हैं। चांद को अर्घ्य देने और पूजा के बाद जब व्रत खोला जाता है, तो यह समय जितना खुशी का होता है, उतना ही शारीरिक रूप से नाजुक भी होता है। दिन भर भूखे-प्यासे रहने के कारण हमारा पाचन तंत्र धीमा पड़ चुका होता है, और शरीर में पानी और ग्लूकोज का स्तर बेहद कम होता है। ऐसे में व्रत खोलते समय की गई छोटी सी गलती भी आपके पेट को खराब कर सकती है, एसिडिटी बढ़ा सकती है, अचानक ब्लड शुगर बढ़ने का कारण बन सकती है और संपूर्ण स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है। इसलिए शरीर को सामान्य स्थिति में लाने के लिए यह जरूरी है कि आप खाने-पीने की शुरूआत धीरे-धीरे और सोच-समझकर करें। उपवास के बाद अपनी सेहत को प्राथमिकता देना उतना ही जरूरी है जितना कि पूरी श्रद्धा से व्रत रखना। व्रत खोलने की जल्दबाजी में भारी या अनहेल्दी चीजें खाकर अपनी सेहत खराब न करें।




**व्रत खोलते ही तुरंत भारी खाना न खाएं :** दिनभर के उपवास के बाद सबसे बड़ी गलती यह होती है कि महिलाएं भूख लगने पर तुरंत ही पूरी, मिठाई, या तली-भुनी चीजें खा लेती हैं। इससे पाचन तंत्र पर अचानक दबाव पड़ता है, जिससे एसिडिटी, पेट दर्द और ब्लोटिंग हो सकती है। व्रत खोलने की शुरूआत हमेशा हल्के और तरल पदार्थों से करनी चाहिए।

**मीठा खाने से परहेज करें :** व्रत खोलते समय, सबसे पहले सादा पानी पीएं, आप चाहें तो गुनगुना पानी या नींबू पानी भी पी सकती हैं। इसके तुरंत बाद बहुत अधिक मीठी चीजें जैसे एक साथ कई मिठाईयां न खाएं। इससे ब्लड शुगर लेवल तेजी से बढ़ सकता है, जो सेहत के लिए अच्छा नहीं है।

**शुरूआत तरल पदार्थों से करें :** सादा पानी के अलावा उपवास खोलने की शुरूआत नारियल पानी, छाछ, या फलों के ताजे जूस से करें। ये न केवल शरीर को तुरंत हाइड्रेशन देते हैं, बल्कि धीरे-धीरे पाचन तंत्र को भोजन के लिए तैयार भी करते हैं। व्रत खोलने के लगभग 20-30 मिनट बाद ही ठोस आहार लेना शुरू करना चाहिए।

**सही आहार लें और धीरे-धीरे खाएं :** व्रत तोड़ने के लिए ताजा फल, दही, या मुट्ठी भर ड्राई फ्रूट्स (भिगोए हुए बादाम) सबसे बेहतर विकल्प हैं। इसके बाद रात के भोजन में कम तेल वाली सब्जियां और रोटी खाएं। खाने को अच्छी तरह चबाकर और धीरे-धीरे खाएं, ताकि पाचन प्रक्रिया सामान्य बनी रहे।

# वनडे कप्तान शुभमन गिल ने कर दिया साफ, 2027 वर्ल्ड कप के लिए टीम के प्लान में बने रहेंगे कोहली-रोहित




**एजेंसी**

नई दिल्ली। वनडे टीम के कप्तान शुभमन गिल गुरुवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले प्रेस से मुखातिब हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि सीनियर खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली 2027 में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप की योजना का हिस्सा बने रहेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि, इन दोनों खिलाड़ियों के कौशल और अपार अनुव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि वह इस महीने के अंत में ऑस्ट्रेलिया दौरे से इस फॉर्मेट की कमान संभालने पर अपने पूर्ववर्ती रोहित शर्मा की तरह ड्रेसिंग रूम में शांत माहौल बनाए रखने और खिलाड़ियों के साथ दोस्ताना व्यवहार करने की कोशिश करेंगे। पहले ही भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी संभाल रहे 26 वर्षीय गिल 19 से 25 अक्तूबर तक ऑस्ट्रेलिया में होने वाली तीन मैचों की सीरीज के साथ अपनी वनडे कप्तानी की शुरूआत करेंगे। ये पूछे जाने पर कि क्या उन्हें लगता है कि रोहित और कोहली अगले वनडे वर्ल्ड कप की योजना का हिस्सा हैं तो गिल चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर की तरह सतर्क नहीं थे, जिन्होंने हाल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इस मुद्दे पर कोई प्रतिबद्धता नहीं जताई थी। गिल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पूर्व संध्या पर उन्हें वनडे टीम का कप्तान भी नियुक्त करने से संबंधित सवालों के जवाब देते हुए कहा कि, बिल्कुल। उनके पास जो अनुभव है और उन्होंने भारत के लिए जितने मैच जीते हैं। ऐसे बहुत कम खिलाड़ी हैं जिन्होंने भारत के लिए इतने मैच जीते हैं। गिल ने आगे कहा कि, दुनिया में बहुत कम खिलाड़ी हैं जिनके पास इतना कौशल, गुणवत्ता और अनुभव है। इसे देखते हुए मैं बहुत खुश हूं। रोहित अब 38, जबकि कोहली 36 साल के हैं। दोनों टेस्ट और टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं और इस तरह से वह भारत की तरफ से बहुत कम मैच खेल पाएंगे। ऑस्ट्रेलिया के दौरे में सभी की नजरें इन दोनों ही दिग्गजों के प्रदर्शन पर टिकी रहेंगी।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में ऐसी होगी टीम इंडिया की प्लेइंग 11, सहायक कोच रेयान ने किया साफ

**एजेंसी**

नई दिल्ली। 10 अक्तूबर से भारत और वेस्टइंडीज के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज




का दूसरा मुकाबला दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय समय के मुताबिक इस मैच की शुरूआत सुबह 9.30 बजे से होगी। इस टेस्ट सीरीज के पहले मैच को जीतकर भारत 1-0 से आगे है और उसकी कोशिश दूसरे टेस्ट को जीतकर हळउ अंकतालिका में अपनी स्थिति मजबूत करने पर होगी।

दूसरे टेस्ट मैच की प्लेइंग इलेवन में क्या किसी तरह का बदलाव हो सकता है और दिल्ली की पिच को देखते हुए क्या नितीश रेड्डी को प्लेइंग इलेवन में मौका मिलेगा इसके बारे में भारतीय टीम के सहायक कोच रेयान टेन डोशेट ने बताया। मैच से पहले हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस में रेयान ने कहा कि वे दूसरे टेस्ट में बिना किसी बदलाव के प्लेइंग इलेवन उतारेंगे। उन्होंने इस बात पर भी जो दिया कि पिछले मैच में उन्हें नितीश रेड्डी का अच्छा प्रदर्शन देखने को नहीं मिला था इसलिए ये मैच इस ऑलराउंडर के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का एक अच्छा मौका होगा। रेयान ने साफ कर दिया कि दूसरे टेस्ट की प्लेइंग इलेवन में कोई बदलाव नहीं होगा। उन्होंने कहा कि हम अपने संयोजन में किसी तरह का बदलाव की संभावना नहीं रखते। अब हमारा मकसद भारत के लिए एक तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर तैयार करना है और जब हम विदेशी दौरों पर जाते हैं तो हम चाहते हैं कि हमारे पास इस तरह का खिलाड़ी हो। हमने पिचले हफ्ते नितीश पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया था इसलिए मुझे लगता है कि उन्हें एक और मौका देने और टीम के संतुलन को बदले बिना खेलने का अच्छा मौका है। हमें लगता है कि वो एक शानदार तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हैं।

# हेड कोच गौतम गंभीर के घर में हुई टीम इंडिया की डिनर पार्टी, जानें क्यों किया गया इतना बड़ा आयोजन?

**एजेंसी**

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला टेस्ट जीतने के बाद अब टीम इंडिया 10 अक्तूबर से दिल्ली के अरुण जेटली



स्टेडियम में दूसरा टेस्ट मैच खेलेगी। दो मैचों की इस सीरीज में भारत अभी 1-0 से आगे है। वहीं दूसरे टेस्ट से पहले टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने अपने आवास पर टीम इंडिया के खिलाड़ियों के लिए एक बड़ी डिनर पार्टी का आयोजन किया। टीम इंडिया के लिए एक यादगार शाम तैयार हुई, जब कोच गौतम गंभीर ने अपने घर पर टीम इंडिया और सपोर्ट स्टाफ के लिए डिनर पार्टी का आयोजन किया। इस मौके पर बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने भी शिरकत की। वहीं खबरों के अनुसार, गंभीर की डिनर पार्टी में लगभग 70 तरह के मुख्य व्यंजन परोसे गए, साथ ही 10 तरह की मिठाइयां भी थीं। मेन्यू में भारतीय, तंदूरी, चाइनीज, कंटिनेंटल और इतावली व्यंजन शामिल थे। टीम के खिलाड़ी बस से गंभीर के घर पहुंचे जबकि हर्षित राणा अपनी पर्सनल कार से हेड कोच के घर पहुंचे। इस दौरान टीम इंडिया के सभी खिलाड़ी अपनी नॉर्मल ड्रेस में पहुंचे। अधिकांश खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ ने सफेद रंग के कपड़ों को प्राथमिकता दी। बता दें कि, ये डिनर पार्टी टीम में मिलन-सद्भाव और सहयोग की भावना को मजबूत करने की दिशा में एक कदम माना जा रहा है। ऐसी अनौपचारिक बैठकें खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ को एक दूसरे से बेहतर तालमेल बनाने में मदद करती हैं। रोहित शर्मा को वनडे कप्तानी से हटाने के मामले से ध्यान हटाने के लिए भी इस डिनर पार्टी को अहम माना जा रहा है।

# घरेलू शेयर बाजारों में शुरूआती कारोबार में तेजी जारी

**एजेंसी**

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजारों सेंसेक्स और निफ्टी में बृहस्पतिवार को शुरूआती कारोबार में तेजी जारी रही। बीएसई सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 201.23 अंक की बढ़त के साथ 81,974.89 अंक पर और एनएसई निफ्टी 63.5 अंक चढ़कर 25,109.65 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से टाटा स्टील, एचसीएल टेक, सन फार्मा, इटर्नल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, लार्सन एंड टुब्रो, एक्सिस बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और इन्फोसिस के शेयर लाभ में रहे। हालांकि पावर ग्रिड, बजाज फाइनेंस, टाइटन और एनटीपीसी के शेयर में गिरावट दर्ज की गई। एशियाई बाजारों में, जापान का निक्की 225 बढ़त में जबकि हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट में रहा। चीन और दक्षिण कोरिया के बाजार छुट्टियों के कारण बंद हैं। अमेरिकी बाजार बुधलवार को सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए थे। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.50 प्रतिशत की गिरावट के साथ 65.92 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा।

# अदालत ने टैक्सी सेवा कंपनी को आरआईएल के जियो ट्रेडमार्क के इस्तेमाल से रोका

**एजेंसी**

नई दिल्ली। बंबई उच्च न्यायालय ने एक कंपनी पर टैक्सी सेवाओं के लिए रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के स्वामित्व वाले जियो ट्रेडमार्क का उपयोग



करने से रोक लगा दी है। अदालत ने अंतरिम आदेश में डब्ल्यूडब्ल्यू डब्ल्यू डॉट जेआईओसीएबीएसडॉटकॉमडोमेन नाम के तहत दी जा रही टैक्सी सेवाओं के लिए जियो ट्रेडमार्क का उपयोग करने से रोक लगाई है। न्यायमूर्ति सोमशेखर सुंदरेशन की पीठ ने मंगलवार को कहा कि आरआईएल ने प्रथम दृष्टया मजबूत मामला पेश किया है। अनधिकृत पक्षों द्वारा मशहूर डिजिटल एवं मोबाइल सेवा ब्रांड का निरंतर उपयोग इसकी साख को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है। अदालत ने कहा कि एक मशहूर और संरक्षित ब्रांड नाम का उपयोग वास्तव में (उसके मालिक को) गंभीर नुकसान पहुंचाएगा। यह आदेश आरआईएल की ओर से दायर उस याचिका पर पारित किया गया, जिसमें दावा किया गया था कि वह जियो ब्रांड का पंजीकृत मालिक है। ऊर्जा से दूरसंचार क्षेत्र में कारोबार करने वाली इस कंपनी ने तर्क दिया कि जियोकैब्स चिह्न और उससे संबंधित डोमेन नाम का उपयोग ट्रेडमार्क उल्लंघन और पासिंग ऑफ (किसी प्रसिद्ध ब्रांड की नकल करके अपनी सेवाएं देने) के समान है। पीठ ने कहा कि आरआईएल के कानूनी नोटिस के बाद प्रतिवादी कंपनियों ने नए नाम के तहत सेवाएं देनी शुरू कर दी लेकिन डोमेन नाम डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट जेआईओसीएबीएसडॉटकॉम अब भी सक्रिय है। अदालत ने कहा कि इसलिए निषेधाज्ञा के माध्यम से अंतरिम आदेश उचित है, जिसमें प्रतिवादी को जियो ट्रेडमार्क, विवादित डोमेन नाम, या रिलायंस के ट्रेडमार्क या कॉपीराइट सामग्री के समान या भ्रामक रूप से मिलते-जुलते किसी भी लोगो, लेबल या कलाकृति का उपयोग करने से रोका गया है।

# वैश्विक निवेशक महाराष्ट्र की व्यवसाय-अनुकूल पारिस्थितिकी का लाभ उठाएं: फडणवीस

**एजेंसी**

नई दिल्ली। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को वैश्विक निवेशकों से राज्य की व्यवसाय-अनुकूल पारिस्थितिकी का लाभ उठाने का आग्रह करते हुए कहा कि राज्य की कारोबार के लिए सुगम नीति ने निवेश को बेहद लाभदायक और सुगम बना दिया है। फडणवीस ने एक ब्रिटिश प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के दौरान कहा कि राज्य सरकार निवेशकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने और उद्योग, वित्त, शिक्षा, शहरी विकास एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में अनुकूल माहौल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा, महाराष्ट्र देश का सबसे उद्योग-अनुकूल राज्य है, जहां मजबूत संपर्क और उत्कृष्ट अवसंरचना मौजूद है। हमारी वैश्विक विश्वविद्यालयों के साथ साझेदारी से उच्च दक्षता वाला मानव संसाधन तैयार हो रहा है। फडणवीस ने कारोबारी सुगमता पहल के तहत औद्योगिक अनुमति प्रक्रिया को सरल बनाने और निवेशकों की समस्याओं के लिए समर्पित वॉर रूम स्थापित करने का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि मुंबई देश की औद्योगिक शक्ति का चेहरा बनी हुई है और



राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं शिक्षा क्षेत्र में विदेशी विश्वविद्यालयों के प्रवेश से नई संभावनाएं भी पैदा हो रही हैं। फडणवीस ने महाराष्ट्र में संचालित प्रमुख अवसंरचना परियोजनाओं का भी उल्लेख किया।

## संक्षिप्त समाचार

### मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि मनायी

लखनऊ (संवाददाता)। समाजवादी विचारधारा के पुरोधा, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि के मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि स्व0 मुलायम सिंह यादव जी एक जमीनी नेता थे, जिन्होंने गरीब, किसान, मजदूर और पिछड़े वर्गों की आवाज को बुलंद किया। उनका राजनीतिक जीवन सामाजिक न्याय और समानता की भावना से प्रेरित रहा। उन्होंने आगे कहा कि मुलायम सिंह यादव का व्यक्तित्व सदैव जनसेवा, सादगी और संघर्ष का प्रतीक रहेगा। वे उत्तर प्रदेश की राजनीति के ऐसे स्तंभ थे जिन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए सदैव संघर्ष किया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष हिंदवी, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता पुनीत पाठक, सचिन रावत, प्रदेश कांग्रेस ज्वाईनिंग प्रभारी नितिन शर्मा, उ0प्र0 कांग्रेस विधि विभाग के कोऑर्डिनेटर आसिफ रिजवी रिंकू एड0, चिकित्सा प्रकोष्ठ के कोऑर्डिनेटर डॉ0 आजाद बेग, सिद्धिश्री, अनामिका यादव, जैनब हैदर आदि उपस्थित कांग्रेसजनों ने भी धरती पुत्र मुलायम सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### ऋषि का सद्साहित्य पीड़ा, पतन एवं व्यसन से मुक्ति दिला सकता है: उमानन्द शर्मा

लखनऊ (संवाददाता)। गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत कल्याण सिंह अति विशिष्ट कैंसर संस्थान, सी०जी० सिटी, सुल्तानपुर रोड, लखनऊ, उ०प्र० के पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं० श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 450वाँ ऋषि वा०य की स्थापना का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रिय कार्यकर्त्री सुश्री चाँदनी शर्मा ने अपने मामा स्व० रवि उपाध्याय की स्मृति में भेंट किया तथा उपस्थित वरिष्ठ चिकित्सकगणों को अखण्ड ज्योति (हिन्दी एवं अंग्रेजी) पत्रिका भेंट की। इस अवसर पर वा०य स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ऋषि का सद्साहित्य पीड़ा, पतन एवं व्यसन से मुक्ति दिला सकता है। संस्थान के निदेशक प्रो० एम०एल०बी० भट्ट तथा प्रो० डॉ० पी०पी० रावत ने भी अपने विचार व्यक्त किये। डॉ० प्रमोद कुमार गुप्ता ने मंच का संचालन किया। इस अवसर पर गायत्री ज्ञान मंदिर के प्रतिनिधि उमानंद शर्मा, देवेन्द्र सिंह, सावित्री शर्मा, चाँदनी शर्मा, उषा सिंह एवं संस्थान के निदेशक एम०एल०बी० भट्ट, प्रो० डॉ० पी०पी० रावत, संकाय प्रभारी केन्द्रीय पुस्तकालय एवं एडिशनल प्रोफेसर रेडिएशन ऑंकोलॉजी डा० प्रमोद कुमार गुप्ता एवं संस्थान के संकाय सदस्य एवं चिकित्सकगण मौजूद रहे।

### नगर निगम के सुपरवाइजर पर फायरिंग, आरोपी पीछा करते हुए घर पहुंचेय गोली मारी

लखनऊ (संवाददाता)। राजधानी लखनऊ के इंदिरानगर इलाके में उधारी वापस मांगने पर नगर निगम के सुपरवाइजर पर गोली चला दी। फरमान जान बचाकर भागे तो गोली उनकी थार में जाकर लगी। घटना घर के पास लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। इसमें बाइक से आए बदमाश गोली चलाते हुए दिख रहे हैं। दीन दयालपुरम तकरोही निवासी फरमान अली पुत्र साबिर अली नगर निगम में सुपरवाइजर पद पर तैनात हैं। फरमान ने बताया कि उन्होंने बाबू यादव को 25 हजार रुपए उधार दिए थे। लंबा समय बीतने पर बाबू ने रुपए नहीं वापस किए। फरहान ने अपने पैसे वापस मांगे तो बाबू और आदिल सिद्दीकी ने कॉल करके जान से मारने की धमकी दी। फरमान ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे अपने दोस्त के साथ चाय पीकर घर लौट रहे थे। तभी आदिल, युवराज, बाबू यादव, मुस्सू, शिवम सिंह और उसके अज्ञात साथी पीछा करने लगे। घर के पास पहुंचते ही गाड़ी से उतरने के दौरान फायर कर दिया। फरमान भागकर घर में घुस गया। गोली उसकी थार में जाकर लगी। फायरिंग की आवाज से मोहल्ले में भीड़ जमा हो गई। वहां मौजूद लोगों ने शिवम सिंह को पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। मामले में इंस्पेक्टर इंदिरानगर सुनील तिवारी का कहना है कि तहरीर लेकर मामले की जांच की जा रही है। घटना से जुड़ा एक सीसीटीवी भी सामने आया है।

### सीएम योगी ने अयोध्या विस्फोट पर जताया शोक, जांच के दिये आदेश

लखनऊ (संवाददाता)। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में हुए दर्दनाक हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। पूराकलंदर थाना क्षेत्र के पगला भारी गांव में हुए एक भीषण धमाके से एक मकान ढह गया, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म श्एक्सश पर लिखा,अयोध्या की दुर्घटना अत्यंत दुखद है। प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को शांति, परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति और घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हो। पुलिस, एसडीआरएफ और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गईं और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव ग्रोवर के अनुसार प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई गई है कि धमाका किचन में गैस लीकेज या प्रेशर कुकर फटने से हुआ हो सकता है। फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर नमूने एकत्र किए हैं। प्रारंभिक जांच में किसी विस्फोटक पदार्थ के इस्तेमाल के संकेत नहीं मिले हैं। जिलाधिकारी निखिल टी ने बताया कि हादसे के सही कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच के आदेश दे दिए गए हैं। मृतकों के परिवारों को प्रशासन की ओर से आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद दी जाएगी।

### नई दिल्ली में यूपी ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड का ग्लोबल वाइल्डलाइफ फेयर शुरू

#### प्रकृति, मानव और वन्यजीव के सामंजस्य से समृद्ध हो रहा उत्तर प्रदेश का ईको टूरिज्म मॉडल: जयवीर

लखनऊ (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड द्वारा प्रायोजित ग्लोबल वाइल्डलाइफ फेयर में प्रदेश के जंगलों, वन्यजीवों और प्राकृतिक पर्यटन स्थलों ने देश-विदेश से आए आगंतुकों को आकर्षित किया।

## स्वामी प्रसाद बोले, मायावती ने डरकर लखनऊ में रैली की, ईडी-सीबीआई के आगे मजबूर हुई

लखनऊ (संवाददाता)। बसपा सरकार में मंत्री रहे स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि मायावती ने लखनऊ में प्रायोजित रैली की। बहन जी ने यह शक्ति प्रदर्शन ईडी-सीबीआई के डर से किया। उन्होंने कांशीराम जी के मिशन को तिरस्कृत किया। भाजपा की चाटुकारिता कर बहुजन समाज का भरोसा तोड़ा। लखनऊ में शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में मौर्य ने कहा कि मायावती जांच एजेंसी के दबाव में भाजपा की तारीफ कर रहीं। 2027 के विधानसभा चुनाव में वह भाजपा का समर्थन करेंगी। उन्हें अपने ही भतीजे आकाश आनंद पर भरोसा नहीं है। बहुजन समाज के लोग उन पर विश्वास क्यों करें? स्वामी प्रसाद ने कहा कि मायावती की रैली बसपा की नहीं, भाजपा की थी। अगर बसपा के कार्यकर्ता वहां मौजूद होते तो मायावती भाजपा की तारीफ नहीं करतीं। भाजपा के इशारे पर मायावती ने अपने ही संगठन के आत्मसम्मान से समझौता किया है। कांशीराम जी के संकल्प का मजाक उड़ाकर मायावती ने बहुजन समाज को निराश किया। अब बहुजन समाज



अपने विवेक से वोट करेगा, न कि मायावती के कहने पर। मायावती अपने स्वभाव के बिल्कुल विपरीत जाकर भाजपा की तारीफ कर रहीं।

उन्हें ईडी-सीबीआई का डर न होता तो इस तरह का बयान कभी नहीं देतीं। यह डर ही उनकी मजबूरी बन गया है। बसपा की इस रैली ने यह स्पष्ट कर दिया कि मायावती अब भाजपा के साथ हैं। यह बहुजन नहीं, भाजपा समर्थित रैली थी। जिन आकाश आनंद को मायावती ने तीन बार पार्टी से बाहर किया। उन्हें अपने भतीजे पर खुद भरोसा नहीं। ऐसे में बहुजन समाज कैसे भरोसा करेगा? बसपा अब अपने कैडर का भरोसा खो चुकी है। 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता उन्हें सबक सिखाएगी। अखिलेश यादव और आजम खान की मुलाकात पर स्वामी ने कहा, दोनों एक ही पार्टी के हैं। ये सामान्य मुलाकात है। जब आजम खान को राजनीतिक दुर्भावना से जेल भेजा गया था तो सपा ने भूल कर भी आवाज नहीं उठाई। उस समय समाजवादी पार्टी को आजम खान के सम्मान में सड़क पर आना चाहिए था। अब आजम खान के नाम पर घड़ियाली आंसू बहाने से क्या फायदा? एनसीआरबी की रिपोर्ट बताती है कि भाजपा शासित राज्यों में अपराध जोरों पर हैं। उत्तर प्रदेश हत्या, अपहरण, महिला उत्पीड़न, दलित अत्याचार जैसे अपराधों में देश में नंबर-1 पर है। जीरो टॉलरेंस का दावा सिर्फ एक मजाक बनकर रह गया है।

## नवंबर 2026 में होने वाले सभी 11 विधान परिषद की सीटों पर चुनाव लड़ेगी कांग्रेस: अजय राय

लखनऊ (संवाददाता)। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मा0 श्री अजय



राय जी, पूर्व मंत्री ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार में न केवल बेरोजगार युवा बल्कि शिक्षक, कर्मचारी, वकील, डाक्टर, सहित समाज के सभी वर्ग के लोग पीड़ित हैं। सरकारी पदों पर भर्तियां नहीं हो रही हैं, विज्ञापन निकल नहीं रहा है, विज्ञापन निकल रहा है तो परीक्षा नहीं हो पा रही है, परीक्षा हो रही तो पेपर लीक हो जा रहे हैं नतीजन बेरोजगार युवा रोजगार न मिलने से अवसाद से ग्रसित हो जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक इस वर्तमान सरकार में सबसे ज्यादा परेशान हैं न तो वित्त विहीन शिक्षकों को मानदेय दिया गया और न ही सेवा सुरक्षा। एडेड कॉलेजों के शिक्षकों की सेवा सुरक्षा भी भाजपा सरकार ने समाप्त कर दी है। पुरानी पेंशन नहीं दी जा रही है। शिक्षकों के पद रिक्त हैं यह सरकार शिक्षा सेवा चयन आयोग बनाकर केवल मजाक कर रही है। श्री राय ने कहा कि प्राइमरी से लेकर डिग्री तक के शिक्षकों की भर्ती के लिए बनाया गया यह आयोग एक भी भर्ती न करा पा रहा है। इसी सरकार में बनाई गई चेयरमैन इस्तीफा दे रही हैं। 2021 में निकले विज्ञापनों की अभी तक परीक्षा नहीं हो पा रही है। 5 बार परीक्षा की तिथि घोषित करने के बाद परीक्षा टाल दी गई है। प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री अजय राय ने कहा कि इस अव्यवस्था अराजकता और कुशासन के खिलाफ शिक्षक और स्नातक विधान परिषद के सदस्य सदन में आवाज उठाते हैं। मगर पिछले चुनाव में भाजपा सरकार ने वोट चोरी करके बूथ कैप्चरिंग और मतदाता पेटी बदलवाकर चुनाव जीता और लोकतंत्र की आवाज को खत्म करने की कोशिश की। श्री राय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी युवाओं और शिक्षकों की आवाज को सदन में बुलंद करने के लिए आगामी विधान परिषद चुनाव में सभी 11 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसके लिए कांग्रेस 5 लाख स्नातक के तथा 2 लाख शिक्षक मतदाताओं के फार्म भरवाकर वोटर बनवाने के कार्य में जुट गई है। सभी जिला/शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों को फार्म वितरित कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव के लिए प्रदेश कांग्रेस कार्यालय लखनऊ में एक कनेक्ट सेंटर स्थापित कर दिया गया है। प्रत्येक जिले में एक कोऑर्डिनेटर कमेटी बनाया जाएगा जो कनेक्ट सेंटर से जुड़ा रहेगा। सभी फ्रंटल, संगठनों को इसमें लगाया गया है विधि, शिक्षक एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ को इस चुनाव हेतु विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है। श्री राय ने बताया कि इसके साथ ही सभी सीटों पर सांसदों,विधायकों, पूर्व सांसदों,विधायकों एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को प्रभारी बनाया जा रहा है। उनके साथ सह प्रभारी भी नियुक्त किए जा रहे हैं।

## राम मंदिर निर्माण पूरा होने का ऐलान, 25 नवंबर को रामलला के दरबार में ध्वजारोहण करेंगे पीएम मोदी

लखनऊ (संवाददाता)। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण अपने अंतिम चरण में है,ऐतिहासिक पल आने वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 नवंबर को अयोध्या में राम मंदिर के शिखर पर 21 फुट ऊंची धर्म ध्वजा फहराएंगे। ध्वजारोहण समारोह के साथ मंदिर का निर्माण आधिकारिक तौर पर पूरा होगा।श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी का यह दौरा ऐतिहासिक महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि इस ध्वजारोहण समारोह के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी यह संदेश देंगे कि सदियों पुराना आस्था का स्वप्न अब साकार हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने वर्षों पहले संकल्प लिया था कि जब तक राम मंदिर का निर्माण कार्य शुरू नहीं होता, वे अयोध्या में कदम नहीं रखेंगे।अब जब यह सपना साकार हो चुका है, वे स्वयं वहां जाकर ध्वज फहराकर ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनेंगे। कार्यक्रम राम विवाह पंचमी के शुभ अवसर पर होगा, जो 5 अगस्त 2020 को हुए भूमि पूजन और 22 जनवरी 2024 को हुए रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद एक और बड़ा अध्याय होगा। मंदिर का मुख्य निर्माण लगभग पूरा हो चुका है।बाहरी दीवारों का काम अंतिम चरण में है, शेषावतार मंदिर, सप्त मंडपम और पुष्करिणी पवित्र सरोवर का कार्य पूर्ण हो गया है। श्रद्धालुओं के लिए जूता-रैक सुविधा भी तैयार की जा रही है, जो नवंबर तक पूरी हो जाएगी।मैंने पीएम मोदी के साथ 5-6 वर्षों तक काम किया है। इस विवाद को सुलझाने और मंदिर के लिए भूमि सुनिश्चित कराने में उनकी कितनी गहरी भूमिका रही है।

## जस्टिस गवई के समर्थन में आप का प्रदर्शन, हिरासत में लिए गए कार्यकर्ता

लखनऊ (संवाददाता)। राजधानी लखनऊ में आप कार्यकताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई पर जूता फेंके जाने के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। उनका कहना था कि एक दलित जस्टिस भी सुरक्षित नहीं है तो आम दलित की क्या स्थिति होगी। पार्टी के अनुसार, यूपी प्रभारी संजय सिंह के निर्देश पर प्रदेशभर में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता मुख्य न्यायाधीश के समर्थन में प्रदर्शन किया। लखनऊ में प्रांत अध्यक्ष विनय पटेल और जिला अध्यक्ष इरम रिजवी के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। यहां पुलिस ने सबको हिरासत में लेकर इको गार्डन भेज दिया। प्रदर्शन कर रही इरम रिजवी ने कहा कि चीफ जस्टिस पर जूता फेंकना बेहद शर्मनाक है। जूता फेंकने वाले को सख्त सजा मिलनी चाहिए। आरोपी पर रासुका के तहत कार्रवाई हो। ये चीफ जस्टिस के साथ सीधे तौर पर संविधान का अपमान है। जब कोर्ट के अंदर बैठे हुए चीफ जस्टिस पर हमला हो सकता है तो आम आदमी के लिए यह चिंता और अधिक बढ़ जाती है। चीफ जस्टिस पर यह हमला दलित समुदाय से आने की वजह से हुआ। विनय पटेल ने कहा कि देश में पहली बार चीफ जस्टिस का इस प्रकार से अपमान हुआ है। न्यायाधीश वी. आर. गवई पर जूता फेंकने की घटना कोई सामान्य बात नही है, लोकतंत्र पर गंभीर चोट है। हम लोग संविधान को बचाने की एक लंबी लड़ाई लड़ रहे हैं। यह विरोध प्रदर्शन आगे भी चलता रहेगा।

# सुरक्षित दिवाली के संदेश के साथ गोरखपुर मंडल में शुक्ला गैस एजेंसी ने चलाया जागरूकता अभियान

## NFR इंस्टॉल और किया सेफ्टी क्लीनिक का आयोजन

गोरखपुर। दिवाली के अवसर पर मंडल प्रमुख रवि चंदेरिया ने गोरखपुर-श्री के वितरकों को संबोधित करते हुए सुरक्षा के सभी उपायों को सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दिवाली के दौरान गैस सुरक्षा मानकों का पूरी तरह से ध्यान रखा जाए और उपभोक्ताओं को गैस सेफ्टी के प्रति अधिक से अधिक जागरूक किया जाए, ताकि हर घर में सुरक्षित दिवाली मनाई जा सके। इस मौके पर एरिया मैनेजर ने भी उपभोक्ताओं से आग्रह किया कि वे अपनी ई-केवाईसी (e-KYC) जल्द से जल्द पूरी करें, ताकि भविष्य में गैस आपूर्ति सुचारू रूप से मिलती रहे। इस मौके पर मंडल प्रमुख श्री रवि चंदेलिया ने उपभोक्ताओ से डिजिटल बुकिंग करने की अपील की इस अवसर पर गोरखपुर श्री के सेल्स अफसर कौतुक सिंह ने बताया कि उपभोक्ता ISI मार्का चूल्हा और सुरक्षा होज पाइप का प्रयोग करें, जिससे गैस से संबंधित दुर्घटनाओं को रोका जा सके या काफी हद तक कम किया जा सके। इस मौके पर उपभोक्ताओ से सेल्स ऑफिसर ने उपभोक्ताओ से DAC देने की अपील की शुक्ला गैस एजेंसी के मालिक विनय शुक्ला ने उपभोक्ताओ से अपील की कि "इंडियन ऑयल के साथ सुरक्षित दिवाली मनाएं, अपने गैस पाइप को समय-समय पर बदलें और सुरक्षा नियमों का पालन करें।" शुक्ला गैस एजेंसी के शोरूम के सामने दिवाली को ध्यान में रखते हुए "Diwali NFR Stall" लगाया गया और सेफ्टी क्लीनिक का आयोजन किया गया जहां उपभोक्ताओं को सुरक्षा उपकरणों और गैस उत्पादों के बारे में जानकारी दी गई।




# लखनऊ में भव्य डांडिया महोत्सव का आयोजन, मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सत्येंद्र बारी

लखनऊ। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित डांडिया महोत्सव इस बार खास रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पिछड़ा आयोग सदस्य एवं दर्जा प्राप्त मंत्री सत्येंद्र बारी उपस्थित हुए। बॉलीवुड संस्था द्वारा आयोजित इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में दस हजार से अधिक लोग सम्मिलित हुए। पारंपरिक गरबा और डांडिया नृत्य में युवक-युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंच पर मुख्य अतिथि सत्येंद्र बारी का गर्मजोशी से स्वागत एवं सम्मान किया गया।




**अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि –**

"वर्तमान समय में ऐसे सांस्कृतिक आयोजन राष्ट्र और समाज के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। ये हमारे सनातन धर्म और संस्कृति की जीवंत पहचान हैं।" उनके संबोधन के दौरान पूरा प्रांगण "जय श्री राम" और "भारत माता की जय" के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम के संयोजक रघुवंश सिंह, राघवेंद्र सिंह, शुभम सिंह, पत्रकार राज किशोर बारी, रणजीत सिंह सहित बॉलीवुड के कलाकारों और हजारों दर्शकों ने परिवार सहित इस भव्य डांडिया महोत्सव में भाग लिया। सांस्कृतिक रंगों, पारंपरिक परिधानों और मधुर संगीत से सजी यह शाम लखनऊ के लिए यादगार बन गई।

# फिल्म लापता लेडीज के लिए गोरखपुर के सांसद और अभिनेता रवि किशन को मिला फिल्मफेयर अवॉर्ड

**संवाददाता : अमित वर्मा**

गोरखपुर। गोरखपुर के सांसद और प्रसिद्ध अभिनेता रवि किशन ने एक बार फिर भोजपुरी और हिंदी सिनेमा जगत में अपनी दमदार पहचान बनाई है। फिल्म लापता लेडीज में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें फिल्मफेयर अवॉर्ड 2025 में बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर की श्रेणी में सम्मानित किया गया है। रवि किशन के इस सम्मान को लेकर पूरे उत्तर प्रदेश और भोजपुरी फिल्म जगत में हर्ष की लहर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई भाजपा नेताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और इसे प्रदेश के लिए गर्व का क्षण बताया। फिल्म लापता लेडीज में रवि किशन के सशक्त अभिनय ने दर्शकों का दिल जीत लिया था। उनका यह अवॉर्ड न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है बल्कि उत्तर प्रदेश और भोजपुरी कलाकारों के लिए प्रेरणा स्रोत बन गया है। सिनेमा जगत से लेकर राजनीतिक गलियारों तक रवि किशन को लगातार बधाइयाँ मिल रही हैं। यह सम्मान इस बात का प्रमाण है कि भोजपुरी सिनेमा अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान मजबूत कर रहा है।



# गाजीपुर रेलवे स्टेशन पर मिशन शक्ति 5.0 की हवा, महिला के साथ अश्लील हरकत – जीआरपी ने पकड़े गए आरोपी को छोड़ा

**संवाददाता महताब आलम**

गाजीपुर। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 के दावे गाजीपुर में फेल होते नजर आए, जब रेलवे स्टेशन पर एक महिला के साथ रात के अंधेरे में अश्लील हरकत की घटना सामने आई। महिला ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट भी की गई। मामला गाजीपुर रेलवे स्टेशन का है, जहां थाना बहरियाबाद क्षेत्र की रहने वाली महिला अपने मुकदमे के सिलसिले में गाजीपुर न्यायालय आई हुई थी। देर रात बस न मिलने के कारण वह अपनी 9 वर्षीय बेटी के साथ स्टेशन परिसर में रात गुजार रही थी। रात करीब 1 बजे एक अज्ञात व्यक्ति महिला के पास पहुंचा और अश्लील हरकत करते हुए उसके कपड़े खोलने का प्रयास किया। महिला के विरोध करने पर आरोपी ने लाठी से सिर पर हमला कर दिया, जिससे महिला घायल हो गई और उसका सिर फट गया। महिला की चीख सुनकर मौके पर पहुंचे जीआरपी जवानों ने आरोपी को रंगे हाथ पकड़ लिया, जिसमें एक कांस्टेबल का नाम पवन बताया जा रहा है। आरोपी की पहचान स्थानीय विनोद चायवाला के रूप में हुई। लेकिन हैरानी की बात यह रही कि जीआरपी ने आरोपी को कुछ घंटे बाद छोड़ दिया, जिससे महिला को गहरा आघात पहुंचा। घटना के बाद घायल महिला ने इलाज करवाने के बाद कोतवाली थाने में तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने बीएनएस 2023 की धारा 76 और 115(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश में जुट गई है। इस घटना ने एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं कि जब मिशन शक्ति जैसी योजनाएं चल रही हैं, तब भी महिलाओं की सुरक्षा कितनी सुनिश्चित है?




# संघ भारत को आगे बढ़ाने की भावना से कार्य करता है : प्रो. राकेश उपाध्याय






गोरखपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दक्षिण भाग के मन्दिर बस्ती का श्री विजयादशमी उत्सव कार्यक्रम एवं पथ संचलन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रो. राकेश उपाध्याय (IIMC जे.एन.यू कैंपस) ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, स्वयंसेवकों के अन्दर देशभक्ति का संचार करता है। संघ भारत को आगे बढ़ाने की भावना से कार्य करता है। संघ के आज 100 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। उसपर कई बार प्रतिबंध लगाने के बाद भी संघ निरंतर आगे बढ़ रहा है। राष्ट्र विरोधी शक्तियां नहीं चाहती कि संघ आगे बढ़े हजारों वर्षों की गुलामी के बाद भी हमारी सभ्यता और संस्कृति यथावत बनी हुई है। भारतीय संस्कृति के संरक्षण संवर्धन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का बहुत बड़ा योगदान है। संघ का स्वयंसेवक किसी भी कार्य को पूर्ण मनोयोग से करता है। भारत भूमि ज्ञान की भूमि रही है। भारत विश्व गुरु है। संघ की शाखा में सिर्फ दण्ड चलाना ही नहीं सिखाया जाता बल्कि शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक विकास पर भी जोर दिया जाता है। आज भारत विश्व के देशों का मार्गदर्शन करने का कार्य कर रहा है। हिंदू समाज, संस्कृति, धर्म का संगम है संघ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व जिला जज गिरजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि भारतीय संस्कृति को बचाने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का जन्म हुआ है। संघ देशभक्त नागरिकों का निर्माण करता है। संघ का कार्यकर्ता कभी राष्ट्र विरोधी कार्य नहीं करता है, न ही राष्ट्र विरोधी कार्यों का समर्थन करता है। आज संघ के 100 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। इस अवसर पर संपूर्ण देश में संघ के शताब्दी वर्ष पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उद्बोधन के पश्चात स्वयंसेवकों का पथ संचलन प्रारंभ हुआ। यह संचलन सरस्वती शिशु मन्दिर पक्कीबाग परिसर से प्रारंभ हो कर दुगार्बाणी चौक, चारणलाल चौक से बेनीगंज, जाफरा बाजार होते हुए पुनः विद्यालय में पहुँच कर सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गोरखपुर विभाग के सह विभाग संचालक आत्मा सिंह जी, नगर संघचालक राजाराम जी, विभाग सह शारीरिक प्रमुख ओम प्रकाश सिंह, नगर कार्यवाह वी.पी. मल्ल, प्रधानाचार्य डॉ राजेश सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में गणवेशधारी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# गोरखपुर की टीम ने ट्राफी पर जमाया कब्जा

गोरखपुर। माध्यमिक विद्यालयीय मंडल स्तरीय अंडर 14 बालक वर्ग क्रिकेट प्रतियोगिता का तीसरे दिन फाइनल मुकाबला राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज के खेल मैदान पर गोरखपुर बनाम देवरिया के बीच में खेला गया जिसमें गोरखपुर की टीम विजेता रही। सबसे पहले देवरिया के कप्तान ने टॉस जीत कर गोरखपुर की टीम को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया ।15 ओवर के मैच में 5 विकेट पर गोरखपुर की टीम ने 101 रन बनाई लक्ष्य का पीछा करते हुए देवरिया के ओपनर बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए छह ओवर एक विकेट पर 46 रन बनाकर मैच अपने पाले में रखे रहा है ,लेकिन गोरखपुर के गेंदबाज शिवपाल ने घातक गेंदबाजी की और देवरिया के तीन विकेट लगातार चटका दिए और इस तरह से सारे विकेट खोने के बाद देवरिया की टीम मात्र 75 रन ही बना पाई गोरखपुर की टीम ने इस फाइनल मुकाबले को 26 रनों से जीत कर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया । मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार गोरखपुर के खिलाड़ी उत्कर्ष को अखिलेश्वर दास वेल फेयर ट्रस्ट के द्वारा ट्रॉफी दी गई। इसके पहले देवरिया और महराजगंज के बीच में सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया ,जिसमें देवरिया की टीम महाराजगंज को पराजित का फाइनल में प्रवेश की खिलाड़ियों को मेडल ,प्रमाण पत्र और ट्रॉफी विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर विश्व प्रकाश सिंह ने दिया । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आप अभी छोटे स्तर पर बढ़िया प्रदर्शन कर रहे हैं ।आप सभी में संभावनाएं बहुत हैं लगन, मेहनत और अनुशासित होकर खेलेंगे तो निश्चित ही एक न एक दिन आपको सफलता मिलेगी । मेरी तरफ आप सभी को प्रदेशीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं हैं। इस आयोजन को सफल बनाने में मंडली क्रीड़ा सचिव डॉक्टर अरुणेंद्र राय विशेष योगदान रहा उनके देख रेख में यह प्रतियोगिता लगातार तीन दिन तक चली ।इस अवसर पर देवरिया के शारीरिक शिक्षक विपिन यादव, प्रभात रंजन मणि त्रिपाठी, धीरेंद्र जी ,कुँवर गौरव सिंह के साथ काफी संख्या में खिलाड़ी और दर्शक मौजूद रहे।



# क्राइम थ्रिलर इशारे का पहला लुक और टीजर रिलीज, निर्देशक रजत श्रोफ लेकर आ रहे हैं नई वेब सीरीज

गोरखपुर। फिल्म जगत में एक नई और रोमांचक पेशकश के रूप में निर्देशक रजत श्रोफ अपनी आगामी शॉर्ट मूवी वेब सीरीज इशारे (Ishaare) लेकर आ रहे हैं। इस प्रोजेक्ट का पहला लुक और टीजर जारी होते ही दर्शकों में उत्साह की लहर दौड़ गई है। इशारे एक क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज है, जिसमें रहस्य, सस्पेंस और इमोशन्स का अनोखा संगम देखने को मिलेगा। टीजर में कहानी की झलक, तीव्र बैकग्राउंड म्यूज़िक और दमदार किरदारों ने दर्शकों को प्रभावित किया है।




**निर्देशक रजत श्रोफ ने बताया –**

"यह प्रोजेक्ट केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज में छिपे अपराध के संकेतों ("इशारों") को पहचानने की एक कोशिश है। दर्शकों को इसमें नए सिनेमा का अनुभव मिलेगा।"

फिल्म में नए कलाकारों को मंच देने के साथ तकनीकी गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। इशारे जल्द ही डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज होगी, और दर्शकों को एक रोमांचक कहानी का अनुभव कराएगी जो अंत तक बांधे रखेगी।

# स्वदेशी मेले में खरीददारों की दिखी भारी भीड़, लोक गायन से दर्शक हुए भावविभोर

**रिपोर्टर-मनीष सुसारी**

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो की तर्ज पर भारत स्काउट एंड गाइड इंटर कॉलेज, ममफोर्डगंज में लगे स्वदेशी मेला प्रदर्शनी में रविवार को भारी भीड़ उमड़ी। पीसीएस परीक्षा के बाद अभ्यर्थियों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने मेले का आनंद लिया और जमकर खरीदारी की। मेले में कालीन उत्पाद, केला व आंवला प्रसंस्करण से बने सामान, मसाले, हैंडमेड वस्तुएं और स्वदेशी उत्पादों की जोरदार बिक्री हुई। दीपावली से जुड़ी सजावटी सामग्री और पूजा सामग्रियों के स्टॉल पर भी ग्राहकों की भीड़ लगी रही।



स्टॉलधारकों ने बताया कि मेले से उनकी आमदनी में अच्छा इजाफा हुआ है।

रोटरी क्लब के सदस्यों ने भी मेला भ्रमण कर खरीदारी की और आयोजन की सराहना करते हुए कहा —

"ऐसे स्वदेशी मेलों का आयोजन हर त्यौहार पर होना चाहिए, ताकि स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिले और "लोकल फॉर वोकल" अभियान को मजबूती मिले।"

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में प्रतिदिन शाम 7 बजे से रंगारंग प्रस्तुतियां दी जा रही हैं। आज शाम इन्द्रजीत पटेल एवं उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत "बिरहा" गायन ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कल 13 अक्टूबर को शाम 7 बजे राजनाथ एवं उनकी टीम द्वारा लोकगीत गायन की प्रस्तुति दी जाएगी। मेले में उमड़ी भीड़ और लोक कलाकारों के प्रदर्शन ने रविवार की शाम को सचमुच स्वदेशी उत्सव में बदल दिया।

# कृषि में आत्मनिर्भर भारत की ओर बड़ा कदम – मल्हना में पीएम धन-धान्य और दलहन आत्मनिर्भरता कार्यक्रम का सजीव प्रसारण

**संवाददाता : रुदल प्रसाद**

देवरिया। कृषि विज्ञान केंद्र, मल्हना, देवरिया में पीएम धन-धान्य कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा कृषि अवसंरचना कोष, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की 1100 से अधिक परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम के सजीव प्रसारण हेतु कृषि विज्ञान केंद्र में विशाल किसान गोष्ठी का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्री गिरीश चंद तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

**श्री तिवारी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा –**

"प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत को कृषि और दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया गया है। किसान भाई इस मिशन में सहभागी बनें और दलहन उत्पादन को बढ़ावा दें।"



कृषि विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष डॉ. मांधाता सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि केंद्र द्वारा किसानों को नई-नई कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाता है तथा गुणवत्तायुक्त बीज एवं पौध उपलब्ध कराए जाते हैं। इस वर्ष तिलहन उत्पादन बढ़ाने के लिए केंद्र की ओर से 60 हेक्टेयर में सरसों का क्लस्टर अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन लगाया जाएगा। कार्यक्रम में सुशील शाही, संजय कुमार सिंह (मंडल अध्यक्ष), श्री राम सिंह यादव (उद्यान अधिकारी), श्री महेंद्र कुमार (गन्ना विकास अधिकारी), श्री राम कुमार शर्मा (एजीएम, बजाज गन्ना मिल, प्रतापपुर) सहित अनेक कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को नई कृषि तकनीक एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में प्रगतिशील किसानों को सरसों के बीजों का वितरण किया गया। इस मौके पर 175 पुरुष एवं 337 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन कृषि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# Mahabrahmin Community Angered by Congress Leader Kanhaiya Kumar's 'Untouchable' Remark, Threatens Protest and Legal Action

Gorakhpur: A statement by Congress leader Kanhaiya Kumar, in which he allegedly referred to the Mahabrahmin community as 'untouchable,' has sparked a fresh political controversy. The remark has angered the Mahabrahmin community, which has not only strongly condemned it but has also warned of open opposition to Congress in upcoming elections and legal action if an apology is not issued.

Emergency Meeting Held by the Aggrieved Community"An emergency meeting of the Mahabrahmin community was held at Unwal Nagar Panchayat under the leadership of District President of the National Mahabrahmin Society, Abhimanyu Tiwari. During the meeting, participants expressed strong resentment over Kanhaiya Kumar's remarks, calling it a severe attack on Hindu religion and culture.



Religious Texts Cited, Demand for Respect"Addressing the gathering, Umesh Ram Tripathi emphasized the special status of Mahabrahmins in the ancient Sanatan tradition. Citing scriptures such as Manusmriti and Ramcharitmanas, he said that Mahabrahmins are honored as "the gods of the land" and that calling them 'untouchable' is an affront to their religious beliefs and sentiments.

Warning of Electoral Protest and Legal Action"Community leaders warned that if Kanhaiya Kumar does not retract his statement, they will approach the competent courts. They also vowed strong opposition to Congress in the upcoming Bihar Assembly elections and other state elections.

Appeal to BJP Government for Action"The participants also demanded that the BJP government take appropriate legal action against Kanhaiya Kumar for what they termed a "malicious attempt to undermine Hindu religion and culture."

Political Overtones in the Controversy"This incident has escalated from a social-religious dispute to a political issue. The Mahabrahmin community has directly appealed to the BJP government for intervention while accusing Congress of being anti-Hindu. It will be interesting to see how this controversy affects the upcoming Bihar elections and Congress's political standing.

Notable Attendees "Prominent attendees of the meeting included Rakesh Tripathi, Indra Mani Tripathi, Ram Surat Tripathi, Janardan Tiwari, Virendra Tiwari, and several other respected members of the community.

# Shukla Gas Agency Launches Safety Awareness Campaign in Gorakhpur Division with the Message of a Safe Diwali

Gorakhpur. Correspondent:

In a bid to ensure a safe and secure Diwali, Shukla Gas Agency organized a comprehensive Safety Awareness Campaign across the Gorakhpur Division. The initiative included the installation of a Diwali NFR Stall and a Safety Clinic to educate consumers on LPG safety and maintenance practices.

During the event, Divisional Head Mr. Ravi Chanderiya addressed the LPG distributors of Gorakhpur-Three, emphasizing the need to strictly follow all safety measures during the festive season. He urged distributors to spread maximum awareness among consumers so that every household celebrates a safe and accident-free Diwali.




The Area Manager also encouraged consumers to complete their e-KYC at the earliest to ensure uninterrupted gas supply in the future. Divisional Head Mr. Ravi Chanderiya appealed to consumers to adopt digital booking methods for better convenience and safety.

Sales Officer Mr. Kautuk Singh advised consumers to always use ISI-marked stoves and safety hoses to minimize the risk of gas-related accidents. He further requested all customers to submit their DAC (Digital Authentication Code) for smoother service.

Mr. Vinay Shukla, owner of Shukla Gas Agency, appealed to the public saying, "Celebrate a safe Diwali with Indian Oil. Regularly check and replace your gas pipe, follow all safety guidelines, and spread awareness among others."

In front of the Shukla Gas Agency showroom, a "Diwali NFR Stall" was set up, where safety demonstrations were conducted, and consumers were educated about LPG safety devices and products. The initiative was widely appreciated by customers, reinforcing the message — "Safe Diwali, Secure Home."

# Shocking Incident in Gorakhpur: Brother Murders 18-Year-Old Sister to "Protect Family Honor"

**Reporter : Amit Verma**

Gorakhpur, Uttar Pradesh. Correspondent:"A horrifying incident has come to light from Bhaurabari village in the Campierganj area of Gorakhpur, where a brother brutally murdered his 18-year-old sister, Nitya Yadav, in the name of family honor.

During police interrogation, the accused, Aditya Yadav, made a chilling confession, saying — "I have no regret. My mother mortgaged our land to educate us, she struggled for us, but my sister ruined everything. I have saved my family's honor."



According to reports, Nitya was a Class 12 student and had been in a relationship with a local youth for nearly three years. Despite repeated warnings from her brother, she continued the relationship. In a fit of rage, Aditya allegedly took her to a nearby canal and drowned her to death.

The police have arrested the accused and launched an investigation into the case. The brutal killing has sent shockwaves across the region, leaving the local community in grief and outrage.

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, शक्ति शंकर द्वारा फाईन आफसेट प्रिंटर्स मदरसा हुसैनिया बिल्डिंग बक्शीपुर, जनपद–गोरखपुर से मुद्रित कराकर, मुहल्ला–द्वितीय तल पुष्पांजलि काम्प्लेक्स शाही मार्केट, गोलघर, जनपद–गोरखपुर से प्रकाशित।
प्रधान संपादक :
शक्ति शंकर
मो नं.
7233999001

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र गोरखपुर न्यायालय होगा।